# महिला सशक्तिकरण योजना के तहत महिलाएं हो रही हैं हर कार्य में सशक्त



*सरपंच रामधन सैनी और दिल्ली से आए अधिकारी महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करते हुए।* *(वीरेंद्र)*

समालखा, 21 नवम्बर (वीरेंद्र) : भारत सरकार की अनुसूचित जाति उत्थान परियोजना के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय कृषि आर्थिक एवं नीति अनुसंधान, दिल्ली के द्वारा बसाड़ा और राक्सेड़ा गांव में महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई मशीन एवं पावर सप्लाई वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राक्सेड़ा गांव के सरपंच रामधन सैनी ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बसाड़ा गांव की सरपंच मीनाक्षी के पति इंद्रजीत बंटी ने की। उन्होंने भारत सरकार की ओर से आए अधिकारी डा. सुभाष चंद्र और अरविंद कुमार के साथ करीब 65 महिलाओं को सिलाई मशीन और 20 महिलाओं को पावर स्प्रेयर नि:शुल्क वितरित किए।

सरपंच रामधन सैनी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना के अंतर्गत कृषि कार्य कौशल एवं ग्रामीण महिलाओं को सशक्तिकरण करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जब हम आधुनिक उपकरणों से अवगत कराएंगे तो निश्चित रूप से वह हर कार्य में पुरुषों से बढ़कर काम करेंगी।

उन्होंने कहा कि भले ही पुरुष वर्ग कठिन परिश्रम कर सकते हैं, लेकिन महिलाएं उनसे किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से अनुसूचित जाति उत्थान परियोजना के अंतर्गत इस तरह के जो कार्यक्रम किया जा रहे हैं निश्चित रूप से केंद्र सरकार की इस योजना के तहत महिलाएं ज्यादा से ज्यादा सशक्त होंगी।

कृषि आर्थिक एवं नीति अनुसंधान दिल्ली से आए डा. सुभाष चंद्र ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे होकर काम करें, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से महिलाओं को सभी कार्यों के प्रति सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है और उन्हें नई और आधुनिक तकनीक को उपलब्ध करवाया जा रहा है, निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र में जीवन यापन करने वाली महिलाएं अब हर क्षेत्र में अग्रणी होकर काम करेंगी।